भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2720
दिनांक 04 अगस्त, 2026 / 13 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय एकता परिषद (एनआईसी) का कार्यनिष्पादन

†2720. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय एकता परिषद (एनआईसी) मंत्रालय के अंतर्गत एक परामर्शी निकाय के रूप में अभी भी कार्य कर रही है;

(ख) 2013 से एनआईसी की बैठकें किन तारीखों पर हुई हैं;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के मुद्दों का समाधान करने में एनआईसी की भूमिका और प्रासंगिकता संबंधी कोई समीक्षा की गई है; और

(ङ) क्या सरकार का, विशेषकर एनएफसीएच जैसी संस्थाओं के साथ समन्वय करके, एनआईसी का पुनर्गठन करने या उसकी बैठकें बुलाने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय एकता परिषद (एनआईसी) की बैठकें ज़रूरत और सुविधा के अनुसार बुलाई जाती हैं। एनआईसी की बैठकों के आयोजन के लिए कोई निर्दिष्ट समय-सीमा नहीं है। सरकार द्वारा साम्प्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के मुद्दों का निरंतर समाधान किया जाता है।

*****